>

Title : Need to provide adequate compensation to the farmers whose

crops have been damaged due to frost in Haryana particularly

in Bhiwani-Mahendragarh Parliamentary Constituency.

श्रीमती श्रुति चौधरी (भिवानी-महेन्द्रगढ़): मैं सरकार का ध्यान प्राकृतिक आपदाओं, जैसे कि बाढ़, सूखा, ओलावृष्टि व भूकंप इत्यादि से होने वाली आर्थिक हानि के लिए निर्धारित सरकारी वित्तीय सहायता की तरह सर्द ऋतु में पाला जमने से फसलें नष्ट हो जाने पर भी किसानों को उचित वित्तीय सहायता देने की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहती हूं।

माह फरवरी, 2012 में दक्षिणी हरियाणा में अचानक भयंकर पाला पड़ने से मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र भिवानी-महेन्द्रगढ़ में सर्द ऋतु में बोई जाने वाली फसलें विशेषकर सरसों, चना, जौ, दालें व सब्जियां इत्यादि या तो पूर्णतः नष्ट हो गई या बुरी तरह से प्रभावित हो गई। ऐसी स्थिति में, इस क्षेत्र के किसानों को भारी आर्थिक हानि व अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके मद्देनजर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से दो दल गठित किए गए और दोनों दलों ने संयुक्त रूप से किसानों की नष्ट हुई फसलों की वास्तविक हानि का आंकलन करके इसकी रिपोर्ट सरकार को भेज दी है, परंतु अभी तक प्रभावित किसानों को कोई वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की गई है।

इसलिए मैं माननीय कृषि मंत्री जी से यह अनुरोध करती हूं कि पाले के कारण किसानों की फसलें नष्ट हो जाने पर उन्हें सरकार से अतिशीघ्र उचित वित्तीय सहायता दिलाई जाए।